उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, 19 C, विधानसभा मार्ग, लखनऊ-226001
दूरभाष: 0522-2235752, फैक्स: 0522-2235806
वेब: www.uppbpb.gov.in, www.prpb.gov.in

सूचना / विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस, आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 में से आरक्षी चालक के पद पर चयन हेतु चालन दक्षता परीक्षा के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

संख्या:पीआरपीबी:चार–12 (29)/2023 दिनांक:अगस्त 29, 2023

आरक्षी नागरिक पुलिस, आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 में से **आरक्षी चालक के 8652** पद पर चयन हेतु कार्यवाही बोर्ड स्तर पर प्रचलित है। **उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015** के अनुसार पात्र **40 अभ्यर्थियों** से बोर्ड के समक्ष चालन दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जायेगी। चालन दक्षता परीक्षा विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित प्रकिया के अनुसार आयोजित की जायेगी। बोर्ड द्वारा चालन दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची उनकी योग्यता के अनुसार जारी की जायेगी।

2– पात्र अभ्यर्थियों से विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित निम्नवत चालन दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है:–

चालन दक्षता परीक्षा का मापदण्ड:–

चालन दक्षता परीक्षा 03 भागों में करायी जायेगी।

1–गैराजिंग टेस्ट।

2–रोड ड्राइविंग टेस्ट।

3–समानान्तर पार्किंग टेस्ट। (Parallel Parking Test)

3– **आरक्षी चालक के पद पर चयन हेतु पात्र 40 अभ्यर्थियों की चालन दक्षता परीक्षा दिनांक 04–10–2023 से राज्य आपदा मोचन बल (एस0डी0आर0एफ0), नूरनगर भदरसा, तहसील सरोजनीनगर, परगना बिजनौर, उ0प्र0, लखनऊ के ग्राउण्ड पर कराया जाना प्रस्तावित है। अभ्यर्थियों को चालन दक्षता परीक्षा की तिथि व समय के सम्बन्ध में सूचना प्रवेशपत्र के माध्यम से अलग से उपलब्ध करायी जायेगी।**

4– **उक्त सूचना बोर्ड द्वारा मात्र अभ्यर्थियों को उनकी सुविधा हेतु चालन दक्षता परीक्षा के पूर्वाभ्यास हेतु दी जा रही है। इस सूचना का अन्यत्र किसी प्रकार के प्रयोग हेतु बोर्ड द्वारा मान्यता प्रदान नहीं की जायेगी।**

29.8.2023

अपर सचिव (प्रोन्नति),
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ ।